दैनिक प्रातः कालीन

# क्यूँ न लिखूँ सच

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO.- 05086/21

वर्ष :- 02 अंक :- 114 मुरादाबाद 20 August 2022 (Saturday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ


## चुना है देश बनाने का रास्ता, भविष्य की चुनौतियों का कर रहे लगातार समाधान- प्रधानमंत्री



नई दिल्ली, आनलाइन डेस्क। जल जीवन मिशन के तहत गोवा हर घर जल वाला पहला राज्य बन गया है। सरकार के मुताबिक, गोवा में हर घर में नल के जरिए साफ पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। राज्य सरकार ने सभी 378 गांवों को हर घर जल घोषित कर दिया है। गोवा के सभी 2,63,013 ग्रामीण घरों में नल का पानी उपलब्ध कराया गया है। इस मौके पर पीएम नरेन्द्र मोदी ने हर घर जल उत्सव कार्यक्रम को संबोधित किया। इस कार्यक्रम में गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत और केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र शेखावत भी मौजूद हैं।प्रधानमंत्री ने कहा,आज मैं सभी देशवासियों के साथ देश की तीन बड़ी उपलब्धियों को साझा करना चाहता हूं। भारत की इन उपलब्धियों के बारे में जानकर हर देशवासी को बहुत गर्व होगा। अमृतकाल में भारत जिन विशाल लक्ष्यों पर काम कर रहा है, उससे जुड़े तीन अहम पड़ाव हमने आज पार किए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने संबोधन में कहा, सरकार बनाने के लिए उतनी मेहनत नहीं करनी पड़ती, लेकिन देश बनाने के लिए कड़ी मेहनत करनी होती है। हम सभी ने देश बनाने का रास्ता चुना है, इसलिए देश की वर्तमान और भविष्य की चुनौतियों का लगातार समाधान कर रहे हैं। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी वर्चुअली शामिल हुए। इसके बारे में उन्होंने पहले ही ट्वीट कर जानकारी दी थी। पीएम ने कहा कि यह गोवा के लिए और हर घर जल सुनिश्चित करने के हमारे प्रयासों के लिए एक विशेष दिन है। गोवा के सीएम प्रमोद सावंत ने भी ट्वीट कर इसकी जानकारी दी थी। सावंत ने कहा कि पीएम मोदी शुक्रवार सुबह साढ़े 10 बजे कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित करेंगे।

### क्यूआर से होगा पानी के बिल का भुगतान

उन्होंने बताया कि पीएम मोदी के नेतृत्व में गोवा हर घर जल मिशन को पूरा करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। मैं केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र शेखावत का स्वागत करता हूं। उनकी मौजूदगी में पानी के बिल के भुगतान के लिए क्यूआर सिस्टम को लान्च किया जाएगा।

## केजरीवाल का उदय हो रहा है, यह भाजपा को अस्थिर करने का समय: कपिल सिब्बल



दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के आवास पर CBI की रेड जारी है। इसी बीच पूर्व केंद्रीय मंत्री ने भारतीय जनता पार्टी को चेताया है। उन्होंने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की तारीफ की है। सीबीआई ने शुक्रवार को साल 2021 में आई दिल्ली आबकारी नीति को लेकर कार्रवाई की है।सिब्बल ने सिसोदिया के आवास पर जारी रेड को लेकर ट्वीट किया। उन्होंने कहा, अब जब केजरीवाल का उदय हो रहा है, तो यह बीजेपी को अस्थिर करने का समय है। साथ ही उन्होंने सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय को सरकार के हाथ बताया है। उन्होंने ट्वीट में दिल्ली सरकार में मंत्री सत्येंद्र जैन के खिलाफ हुई कार्रवाई का भी जिक्र किया है। ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जैन को गिरफ्तार किया था।खबर है की सीबीआई के अधिकारियों ने दिल्ली और एनसीआर में 21 जगहों पर छापेमारी की है। सिसोदिया ने शुक्रवार को ट्वीट किया, सीबीआई आई है। उनका स्वागत है। हम कट्टर ईमानदार हैं । लाखों बच्चों का भविष्य बना रहे हैं। बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमारे देश में जो अच्छा काम करता है उसे इसी तरह परेशान किया जाता है। इसीलिए हमारा देश अभी तक नम्बर-1 नहीं बन पाया।

### सरकार पर उठाए सवाल

डिप्टी सीएम ने एक अन्य ट्वीट किया, ये लोग दिल्ली की शिक्षा और स्वास्थ्य के शानदार काम से परेशान हैं। इसीलिए दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री और शिक्षा मंत्री को पकड़ा है ताकि शिक्षा स्वास्थ्य के अच्छे काम रोके जा सकें। हम दोनों के ऊपर झूठे आरोप हैं। कोर्ट में सच सामने आ जाएगा। उन्होंने कहा, %हम सीबीआई का स्वागत करते हैं। जांच में पूरा सहयोग देंगे ताकि सच जल्द सामने आ सके। अभी तक मुझ पर कई केस किए लेकिन कुछ नहीं निकला। इसमें भी कुछ नहीं निकलेगा। देश में अच्छी शिक्षा के लिए मेरा काम रोका नहीं जा सकता। समाचार एजेंसी एएनआई से बातचीत में सीबीआई के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया, आबकारी नीति मामले में मनीष सिसोदिया के आवास और चार जन सेवकों के ठिकानों समेत दिल्ली और एनसीआर में 21 जगहों पर छापामार कार्रवाई जारी है। खास बात है कि जुलाई में दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने दिल्ली की संशोधित आबकारी नीति को लेकर सीबीआई जांच की सिफारिश की थी।

## बलिया जिले की 81वीं आजादी की वर्षगांठ पर सीएम योगी आदित्यनाथ बोले- शहर के बाहर शिफ्ट होगी जिला जेल

बलिया- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बलिया बलिदान दिवस पर शुक्रवार को पहुंचे। वह करीब एक घंटे तक मौजूद रहे और जिला कारागार से ऐतिहासिक जुलूस को हरी झंडी दिखाई। 19 अगस्त 1942 को बलिया पूरे देश से पांच साल पहले ही स्वतंत्र हो गया था। इस लिहाज से यह बलिया जिले की 81वीं आजादी की वर्षगांठ है। बलिया के लोगों के लिए इस बेहद गौरवशाली दिन पर पहली बार मुख्यमंत्री स्वयं मौजूद रहे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बलिया बलिदान दिवस पर पुलिस लाइन में आयोजित सभा में कहा कि पूरा देश उत्साह व उमंग के साथ आजादी का अमृत महोत्सव वर्ष मना रहा है, इस अवसर पर मुझे स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े हुए ऐतिहासिक बलिया बलिदान दिवस के अवसर पर बलिया आने का अवसर प्राप्त हुआ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने



बलिया बलिदान दिवस पर पुलिस लाइन में आयोजित सभा में कहा कि बलिया में जिला कारागार को शहर के बाहर शिफ्ट किया जाएगा। सरकार ने समाज के हर वर्ग को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया है। 200 करोड़ वैक्सीन की डोज हम मुफ्त में उपलब्ध कराने में सफल हुए हैं। पीएम मोदी के नेतृत्व में हम नए भारत का निर्माण करने के लिए अग्रसर हैं।

### बाहर शिफ्ट किया जाएगा जिला कारागार

बलिया में जिला कारागार को बाहर शिफ्ट किया जाएगा। यहां पर बलिदानियों का स्मारक बनाया जाएगा। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से जोड़ने के लिए ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे का निर्माण हो रहा है। तीन घण्टे में बलिया से लखनऊ की कनेक्टिविटी होगी। बस स्टेशन आधुनिक बनेगा। इलेक्ट्रिक बस चलाया जाएगा। बजट की कोई कमी नहीं होगी। बलिया को आगे बढ़ने के दिशा में काम किया जाएगा। हमारे पास अपना अभिलेख होगा।

### लोकतंत्र को कुचलने की कोशिश

मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी के बाद कुछ लोगों ने लोकतंत्र को कुचलने की कोशिश की। जेपी ने उस दौरान मोर्चा लिया था। चंद्रशेखर जी का भी अहम योगदान रहा। जनता पार्टी ने उस समय जो काम किया था, वह अविस्मरणीय है। बलिया गंगा और सरयू के स्थल पर बसा है।

### मंगल पांडेय की धरती पर आकर अभिभूत

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मंगल पांडेय की धरती पर आकर मैं अभिभूत हूं। वह लड़ाई अभी तक चल रही है। क्रांतिकारी के मन में यहां के लोगों में श्रद्धा का भाव है। महात्मा गांधी ने जब भारत छोड़ो का आह्वान किया था, आज उस स्मृति को ताजा करने के लिए हम एकत्र हुए हैं। हमें प्रेरणा मिलती है। 1942 में बलिया ने स्वतंत्र राष्ट्र घोषित कर दिया है। डीएम और एसपी नियुक्त कर दिए थे। संकल्प को आत्मसात करना होगा। कोरोना की महामारी के नियंत्रण में भारत मजबूती के साथ डटा रहा वहीं दुनिया के कई देश पस्त हो गए थे। सरकार ने हर वर्ग को योजनाओं का लाभ दिया है। 200 करोड़ वैक्सीन की डोज हम मुफ्त में उपलब्ध कराने में सफल हुए हैं। पीएम मोदी के नेतृत्व में हम नए भारत का निर्माण करने के लिए अग्रसर है।


# किसानों की आड़ में संयुक्त किसान मोर्चा की गंदी राजनीति किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी -ठाकुर राकेश कुमार सिंह



लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

रामपुर-भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहां है कि संयुक्त किसान मोर्चा किसानों के साथ खिलवाड़ कर रहा है आए दिन किसानों को आंदोलन में धकेल देते हैं किसानों के साथ उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहा है कि संयुक्त किसान मोर्चा को देश के किसानों ने नकार दिया है किसानों को पता है केंद्र एवं उत्तर प्रदेश सरकार ने कितनी योजनाएं दी हैं उनका लाभ हमारे किसान भाई ले रहे हैं संयुक्त किसान मोर्चा के नेता किसानों की लड़ाई नहीं लड़ रहे हैं वह अपना राजनैतिक उल्लू सीधा कर रहे हैं अपनी राजनीति हवा में चमक आ रहे हैं भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहां है के किसानों को अच्छी जिंदगी नहीं जीने दे रहे हैं किसानों को आराम से परिवार में नहीं रहने दे रहे हैं आए दिन गलत आंदोलनों में किसानों को धकेल रहे हैं किसानों का अपमान कर रहे हैं किसानों के मान सम्मान की लड़ाई नहीं लड़ रहे हैं केंद्र सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार की योजनाओं का किसान पूरा लाभ ले रहे हैं उनके परिवार खुशहाल है अच्छी जिंदगी जी रहे हैं लेकिन संयुक्त किसान मोर्चा के नेता उनको अच्छी जिंदगी नहीं जीने दे रहे हैं भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहां है कि केंद्र एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जो योजनाएं किसानों को एवं उनके परिवारों के लिए दी जा रही हैं वह योजनाएं संयुक्त किसान मोर्चा को पच नहीं रही हैं उन्होंने यह भी कहा है कि संयुक्त किसान मोर्चा को देश के किसानों ने इनकी गंदी राजनीति के कारण नकार दिया है पूरा देश का किसान प्रदेशों का किसान भाजपा के साथ है और भाजपा के साथ रहेगा क्योंकि भाजपा सरकार की योजनाओं से स्थान देश का बहुत खुश है उसका पूरा लाभ किसान ले रहे हैं लेकिन जस्ट किसान मोर्चा के नेता किसानों को अपनी जिंदगी नहीं जीने दे रहे हैं किसानों की आड़ में संयुक्त किसान मोर्चा की गंदी राजनीति किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी

# सड़कों पर घूम रहे बेसहारा गोवंशों को पकड़कर किया जाए संरक्षित-जिलाधिकारी



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- जिलाधिकारी नेहा प्रकाश की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में निराश्रित/बेसहारा गोवंश की समस्या के निदान हेतु गो आश्रय संचालन के सम्बन्ध में बैठक की गयी। जिसमें जनपद के निराश्रित/बेसहारा गोवंश से किसानों की फसलों के नुकसान एवं राष्ट्रीय राजमार्गो पर आवारा गोवंश द्वारा उत्पन्न समस्याओं के निदान किये जाने हेतु समीक्षा की गई। शासन के निर्देश के क्रम में गो आश्रय स्थल की स्थापना, संचालन, क्रियान्वयन एवं प्रबन्धन के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा की गयी। जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को पशुओं की शत-प्रतिशत ईयर टैगिंग कराने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि गो-संरक्षण केन्द्रों में रहने वाले गोवंशों को कोई दिक्कत न हो। इसके लिए चारा-पानी एवं उनके रहने के लिए छाया की व्यवस्था भी सुनिश्चित रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि गोशाला में किसी भी तरह की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी, पशु खुले में नहीं रहेंगे। कहीं भी किसी जानवर को कोई हानि पहुंचती है तो सम्बन्धित चिकित्सक तत्काल जानवरों का उपचार करेंगे। उन्होंने निर्देश दिया कि ब्लॉक लेवल पर प्रत्येक गौशाला की अलग-अलग फाइल होनी चाहिए।जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सड़क पर घूम रहे निराश्रित गोवंशों को पकड़कर संरक्षित किया जाए तथा गोवंश आश्रय स्थल में संरक्षित समस्त गोवंश पशुओं की शत-प्रतिशत ईयर टैगिंग कराना, नियमित निरीक्षण एवं पंजिका पर अंकन कराना सुनिश्चित किया जाए। उन्होने समस्त खण्ड विकास अधिकारियो को निर्देश दिया कि अपने-अपने ब्लाक में चिन्हित जगहों पर नये अस्थायी गौशालाओं का निर्माण किया जाए। पुरानी गौशालाओं में जहां पर जगह निर्धारित की गई हो, वहां पर नये शेड तत्काल बनाये जाएं, ताकि निराश्रित गोवंशों को रहने के लिए कोई दिक्कत न हो। उन्होंने नगरीय क्षेत्रों में घूम रहे गोवंशों को पकड़कर समीप के गोशालाओं में संरक्षित कराने का निर्देश दिया है। जि ो बीमारी से बचाव हेतु जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया है कि निराश्रित गोवंशों का टीकाकरण शत-प्रतिशत कराया

# बंदर के बच्चें का कराया इलाज



विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार शाहजहांपुर- मोहनपुर में राम भरोसे पब्लिक मेमोरियल स्कूल परिसर में कुछ दिनों से बंदर का बच्चा बीमार पड़ा था,स्कूल के कोषाध्यक्ष रवि शुक्ला उसका इलाज करा रहे थे,शुक्रवार को बंदर के बच्चें की हालत फिर से खराब हो गई। कोषाध्यक्ष रवि शुक्ला ने वेक्सीनेटर अभिषेक मिश्रा से संपर्क कर बीमार बच्चें का इलाज कराया है। जिससे पहले से हालत में सुधार है।

# जयशंकर अवस्थी बने RSAM के प्रदेश महामंत्री



विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार शाहजहांपुर- बार एसोसिएशन पुवायां के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष एडवोकेट जय शंकर अवस्थी जी को राष्ट्रीय संयुक्त अधिवक्ता मंच भारत के अध्यक्ष एडवोकेट शिव सेवक गुप्ता जी तथा राष्ट्रीय संगठन मंत्री डॉक्टर मदन मोहन पांडे जी के अनुमोदन, प्रदेश अध्यक्ष अजीत कांत मिश्रा जी की संस्तुति पर श्री जयशंकर अवस्थी जी को प्रदेश महामंत्री के पद पर मनोनीत किया गया है ।

# आओ हरित त्यौहार मनाएं प्रकृति का हरित कवच बढाएं



मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- आज प्रकृति सेवा समिति ट्रस्ट , मुरादाबाद की ओर से आओ हरित त्यौहार मनाएं , प्रकृति का हरित कवच बढाएं अभियान के अंतर्गत श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर श्रीकृष्ण जी अति प्रिय वृक्ष कदम्ब के पौधे का रोपण पृथ्वी को हरा भरा रखने व प्रकृति का हरित कवच बढ़ाने की भावना से केनरा बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान कांठ रोड़ के प्रांगण में पौधरोपण किया गया प्रकृति सेवा समिति ट्रस्ट के हरित त्यौहार मनाएं अभियान के अवसर पर ने पौधरोपण करते हुए केनरा बैंक आरसेटी की संकाय सदस्य सरिता भटनागर कहा कि हमें अपने त्यौहारो , पर्वो और अपने व बच्चों के जन्मदिन को पौधरोपण करके धरा को हरा भरा बनाना चाहिए क्योंकि इससे कहीं ना कहीं हम प्रकृति पर्यावरण संरक्षण में सहयोगी बन सकते हैं और अपनी सांसो को बचाने में हम सभी को सहयोगी बनना चाहिए। प्रकृति सेवा समिति ट्रस्ट के संस्थापक महासचिव पर्यावरण सचेतक नैपालसिंह पाल ने कहा कि आओ हरित त्यौहार मनाएं चाहे कोई भी अवसर खुशी हो या गम आओ पौधे लगाए हम के तहत भी पौधरक्षण की भावना से पौधरोपण करके धरा को हरा भरा और प्रकृति के हरित कवच को बढ़ा सकते हैं ऑक्सीजन की प्राकृतिक फैक्ट्री हरे पेड़ पौधों को रोपित करने के साथ साथ ही उनका संरक्षण करना भी हम सभी की जिम्मेदारी है।

प्रकृति सेवा समिति ट्रस्ट की अध्यक्षा पर्यावरण प्रेमी रविता पाल ने कहा कि ऐसे त्यौहार और पर्वो को सेलिब्रेट कर हरियाली ही सभी के जीवन में खुशहाली लाती है अत: समृद्धि के साथ-साथ जीवन में खुशहाली के लिए हरे पेड़ पौधों का संरक्षण और संवर्धन करना चाहिए।इस अवसर पर संकाय सदस्य सरिता भटनागर , कार्यालय सहायक सुमित शर्मा , चंदन के साथ साथ प्रकृति सेवा समिति ट्रस्ट की अध्यक्षा पर्यावरण प्रेमी रविता पाल , संस्थापक महासचिव पर्यावरण सचेतक नैपालसिंह पाल और बी सी सखी प्रशिक्षण बैच की सुमन , देवेंदी , रुखसाना ,रेखा , नगमा ,निशा , रिंकी , रीता , छाया , विमलेश , प्रियंका , रहनुमा , नीरू आदि सभी उपस्थित रहे।

# श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व की धूम



मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- मुरादाबाद यंग एनिर्गेटिक पॉजिटिव पीओप्ल द्वारा इस वर्ष भी श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूम से मनाया गया इसमे नन्हें कृष्णा जी श्रेयस मेहरोत्रा ने बाल रूप मे सज धज के सब का मन मोह लिया सभी ने एक दूसरे को जनम अष्टमी की शुभकामनाएं दी श्री कृष्ण श्री भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं से संबंधित विभिन्न प्रकार की झांकियां सजाई गई जिसमें जन्म से लेकर उनके द्वारा किए गए राक्षसों के सहार एवं कंस वध का लीलाओ का सजीव चित्र किया गया इस को देखने के लिए काफी संख्या में श्रद्धालु उमड़े जहां महिलाओं और बच्चों की बड़ी संख्या देखी गई इस अवसर पर नेहा मेहरोत्रा निधि संजना सुमिता मिली ऋचा दिव्या पूजा नेहा शालिनी नीलम अनुभा हनी स्नेहा आदि मौजूद रहे।

# भाकियू नेताओं ने मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट पर डाला डेरा, धरना जारी



मुरादाबाद-भाजपा मंत्री अजय टेनी को हटाने और जेल में बंद किसानों की रिहाई समेत तमाम मांगों को लेकर भाकियू का शुरू हुआ धरना शुक्रवार दूसरे दिन भी जारी रहा। भाकियू नेताओं ने कहा कि जब तक उनकी मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं हो जाती,यह धरना लगातार चलता रहेगा। भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत के आह्वान पर गुरुवार शाम से मुरादाबाद संग तमाम जिलों में भाकियू और किसानों ने धरना शुरू किया। मुरादाबाद में भाकियू नेताओं ने राष्ट्रीय आह्वान पर कलेक्ट्रेट पर चल रहे 75 घंटे के धरने पर जब भाकियू के वरिष्ठ नेता डा. नौ सिंह ने कहा कि सरकार में मंत्री अजय टेनी के बेटे ने निर्दोष किसानों को कुचल दिया और मंत्री उनका बचाव करते रहे,ऐसे शख्स को मंत्री पद से तत्काल हटाया जाए, इसके साथ ही किसान बिल को लेकरआंदोलन के समय कई किसानों पर मुकदमा हुआ और उनको जेल भेज दिया गया, बाद में आंदोलन खत्म कराते समय सरकार ने किसानों की रिहाई की बात कही लेकिन आज तक कई किसान जेलों में बंद हैं। सरकार की इसी वादाखिलाफी को लेकर भाकियू ने धरना शुरू किया है। दूसरे दिन धरना देने वालों में राष्ट्रीय महासचिव डा. नौ सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष ऋषिपाल सिंह,जिलाध्यक्ष मनोज चौधरी,प्रदेश सचिव चरण सिंह,गौरव तोमर,वीर सिंह,धर्मेश सिंह,रणधीर सिंह,मोहित चौधरी,हरदीप सिंह,राजेंद्र सिंह,विजेंद्र सिंह,खजान सिंह,गजेंद्र सिंह,ब्रह्पाल सिंह,नेमपाल,जितेंद्र सिंह समेत तमाम भाकियू नेता मौजूद रहे।

# देवी-देवताओं पर अभद्र टिप्पणी करने वाला एक यूट्यूबर गिरफ्तार, उगाही करने वाले दूसरे यूट्यूबर को ग्रामीणों ने पीटा

मुरादाबाद। यू-ट्यूब चैनल पर हिंदू देवी देवताओं के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी वाला वीडियो डालने के मामले में पुलिस ने यूट्यूब चैनल राउंड टू हेल के संचालक वसीम अहमद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी वसीम अहमद और उसके दो साथियों के खिलाफ एक दिन पहले ही पुलिस ने सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश का केस दर्ज किया था। पाकबड़ा थाना क्षेत्र के गांव महकलपुर रोड इस्लामनगर निवासी वसीम अहमद यूट्यूबर है। वह राउंड टू हेल नाम से अपना एक यूट्यूब चैनल चलाता है। इसी यूट्यूब चैनल पर चार साल पहले एक वीडियो अपलोड किया था। इस वीडियो में हिन्दू देवी देवताओं को लेकर अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया था। अब जन्माष्टमी से पहले यह वीडियो एक बार फिर वायरल हो गया। इस वीडियो को डीजीपी को ट्वीट कर शिकायत भी की गई। इसके बाद पाकबडा थाने के एसआई कृष्ण कुमार की ओर से चैनल के संचालक वसीम अहमद और उसके दो साथियों के खिलाफ संप्रदाय विशेष की धार्मिक भावनाओं को आहत करने और सांप्रदायिक माहौल खराब करने की कोशिश करने के आरोप में केस दर्ज कराया। इस संबंध में एसएचओ पाकबड़ा मोहित कुमार ने बताया कि यूट्यूबर और उसके दो साथियों पर केस दर्ज किया गया है। इनमें से मुख्य आरोपी महकलपुर रोड इस्लामनगर निवासी वसीम अहमद को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। राउंड टू हेल नाम के यूट्यूब चैनल पर एक वीडियो अपलोड किया गया था। इसमें एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने बताया कि धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाली बातें कही गई थी। इस मामले में यूट्यूब चैनल संचालक और उसके दो साथियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। मुख्य आरोपी वसीम को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

## यूट्यूबर पीटा

नगर पंचायत ढकिया में उगाही के आरोप में एक यूट्यूबर को ग्रामीणों ने जमकर पीट दिया। इस दौरान घटना से अफरातफरी मच गई। गुरुवार दोपहर को ढकिया नगर पंचायत पहुंचकर यूट्यबू पर एक चैनल वाला युवक पहुंचा। चैनल का नाम लेकर मेडिकल स्टोर की वीडियो बनाने लगा। संचालक के पूछने पर उससे भारी रकम मांगनी शुरू कर दी। विरोध पर वीडियो वायरल करने की धमकी देने लगा।

# हत्या में प्रयुक्त चाकू न पेश करने पर तत्कालीन एसओ तलब

मुरादाबाद-22 साल पहले पाकबड़ा मे दो सगे भाइयों पर हमला व हत्या में प्रयुक्त चाकू पेश न करने पर अदालत ने नाराज है। कोर्ट ने सुनवाई में देरी के चलते विवेचक को चाकू समेत तलब किया है। तत्कालीन एसओ से स्पष्टीकरण भी मांगा है। पाकबड़ा के गांव गिंदौड़ा में 27 नवंबर,2000 को मैनाठेर के जागन सिंह ने मुकदमा कायम कराया था। कहा कि उसने अपनी बहन की शादी संतराम से की। पर शादी के बाद उसे ससुराल वाले दहेज के लिए तंग करने लगे। 26 नवंबर को ससुराल वालों ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। मामले में समझौता वार्ता के लिए जागन सिंह अपने दो छोटे भाई होशियार सिंह व हर स्वरुप के संग गिंदौड़ा गया पर विवाद बढ़ गया। इस दौरान शिवचरण व उसके बेटों संतराम व राम सिंह ने होशियार सिंह व हरस्वरूप पर चाकू से जानलेवा हमला किया। इस दौरान हमले से घायल एक भाई की मौत हो गई। केस की विवेचना तत्कालीन थाना प्रभारी रामबाबू कठेरिया ने की। केस की सुनवाई एडीजे-2 पुनीत कुमार गुप्ता की अदालत में चल रही है। एडीजीसी मुनीष भटनागर ने बताया कि बाईस साल पुराने केस में विवेचना अधिकारी आज तक चाकू नहीं पेश कर सके। न ही कोर्ट में विवेचक बयान के लिए उपस्थित ही हुए। केस की सुनवाई न होने से नाराज अदालत ने अब विवेचक को चाकू समेत तलब करते हुए स्पष्टीकरण मांगा है। एसएसपी को इस बाबत पत्र भेजा गया है।

# वेंटिलेटर पर महिला को प्रदर्शन में ले जाना गलत, एंबुलेंस चालक बोले- यह प्रोटोकाल का उल्लंघन



मुरादाबाद- वेंटीलेटर एंबुलेंस के साथ एसएसपी आवास में पहुंचकर महिला शिक्षक जयश्री के स्वजन ने प्रदर्शन किया था। जबकि अस्पताल से मरीज को दिल्ली के लिए रेफर किया गया था। स्वजन बीच रास्ते में चालक पर दबाव बनाकर एंबुलेंस को एसएसपी आवास पहुंच गए। प्रदर्शन के समय एसएसपी हेमंत कुटियाल पुलिस लाइन में चल रहे अमृत महोत्सव समापन समारोह में थे। सूचना मिलने के बाद पहुंचे सीओ सिविल लाइंस आशुतोष तिवारी एंबुलेंस चालक को फटकार लगाई। हालांकि, एंबुलेंस प्रोटोकाल में मरीज को अस्पताल की जगह किसी प्रदर्शन में शामिल करना नियमों का उल्लंघन है। जनपद में पिछले कुछ समय में एंबुलेंस चालक पीड़तों के साथ प्रदर्शन में शामिल हुए हैं। आल यूपी एंबुलेंस आपरेटर्स वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष हैदर नकवी ने बताया कि एंबुलेंस में मरीज के साथ केवल रेफर सेंटर अस्पताल तक पहुंचना हमारी जिम्मेदारी है। इस दौरान एंबुलेंस चालक को किसी दबाव को नहीं मानना चाहिए। बुधवार शाम को जो घटना हुई है,वह गलत है। वेंटीलेटर एंबुलेंस का एक-एक मिनट मरीज के लिए अहम होता है। एसोसिएशन के माध्यम से भविष्य में कोई चालक ऐसी गलती न करे, इसके लिए जागरूक किया जाएगा।

## बोले एंबुलेंस चालक

मरीज को अस्पताल तक पहुंचाना एंबुलेंस चालक की बड़ी जिम्मेदारी है। ऐसे में कभी-कभी मरीज के स्वजन पैसा नहीं देने का डर दिखाकर जबरन एंबुलेंस चालक पर दबाव बनाते हैं। मजबूरी के चलते कुछ लोग स्वजन के बहकावे में आ जाते हैं। लेकिन हम ऐसी घटनाओं का विरोध करते हैं। -

**अमित राणा, प्रदेश प्रचार मंत्री, यूपी एंबुलेंस एसोसिएशन**

एंबुलेंस चालकों को पूरी सावधानी से कार्य करना चाहिए। ऐसे प्रदर्शन में शामिल होने से छवि खराब होती है। हमारा काम मरीज को पहुंचाने का है। जिसे हम पूरी जिम्मेदारी से निभाते हैं। वेंटीलेटर एंबुलेंस के साथ प्रदर्शन करना गलत है। - **विनीत कुमार**

मरीज के स्वजन के दबाव में आकर एंबुलेंस चालक मजबूरी में चले जाते हैं। कभी-कभी लोग रास्ते में ही ट्रैक्टर लगाकर प्रदर्शन करने लगते हैं। ऐसे बीच में रुकना हमारी मजबूरी होती है। हम कभी ऐसे प्रदर्शन में शामिल होने के लिए तैयार नहीं होते हैं। जो किया गया वह सही नहीं है। - देवेंद्र कुमार

# मंत्री भूपेंद्र सिंह ने गोपूजन किया, खिलाया गुड़

मुरादाबाद-उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री पंचायत राज भूपेंद्र सिंह ने कान्हा गौशाला में गौ सेवा की और गाय को गुड़ खिलाया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में यही कार्यक्रम किया। प्रदेश सरकार के पशुपालन मंत्री धर्मपाल सिंह ने 1 दिन पहले बयान जारी किया था जिसमें कहा था कि सभी मंत्री अपने-अपने क्षेत्रों में गौ सेवा करेंगे। जन्माष्टमी के मौके पर प्रदेश भर में इस तरह के आयोजन किये। इस दौरान उन्होनें गोशाला का निरीक्षण भी किया। मंत्री ने जन्माष्टमी की शुभकामनाएं सभी देशवासियों को दीं।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# स्वामी दयानंद की अगुवाई में एकत्र हुए स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने देश को दिलाई स्वतंत्रता - राजू आर्य

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-आगरा/एटा- स्वतंत्रता दिवस की 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर देश स्वाधीन भारत की आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। आगरा के दिल्ली पब्लिक इंटरनेशनल स्कूल में स्वतंत्रता दिवस बड़े ही उत्साह एवं धूमधाम से मनाया गया ! इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक यातायात( प्रोटोकॉल ) शिवराम यादव व विशिष्ट अतिथि रंजीत कुमार( राजू आर्य ) तथा विद्यालय के चेयरमैन वरुण चौधरी एवं अशोक चौबे जी ( डी जी सी राजस्व ) सम्मिलित हुए। प्रदेश कैबिनेट मंत्री ( कारागार ) धर्मवीर प्रजापति इस मौके पर किसी निजी कारण के चलते सम्मिलित न हो सके। ध्वजारोहण एवं दीप प्रज्वलन के पश्चात छात्रों ने परेड व कई भव्य कार्यक्रम प्रस्तुत गए। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को संबोधित करते हुए रंजीत कुमार उर्फ राजू आर्य ने अपने संबोधन में स्वतंत्रता संग्राम की शुरुआत से लेकर अंत तक आयी समस्याओं, संघर्ष एवं बलिदान के बारे में विस्तार से बताते हुऐ कहा कि देश को यह आजादी असंख्य लोगों के त्याग और बलिदान के परिणामस्वरूप प्राप्त हुई है। देश को आजादी दिलाने के लिए स्वतन्त्रता आन्दोलन की दो धाराऐं नरम और गरम प्रवाहित हुई। दोनों ने ही अपना अपना कार्य किया जिसके परिणामस्वरूप 15 अगस्त 1947 को देश स्वाधीन हुआ था। अतः अमृत महोत्सव के अवसर पर पराधीन भारत में उन सभी देशभक्तों को जिन्होंने देश को आजाद कराने में किसी भी रूप में योगदान किया है, उनको हमारा सादर नमन एवं श्रद्धांजलि अर्पित है। आज इस अवसर पर ऋषि दयानन्द और आर्यसमाज को भी याद करने सहित उनके प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करने का भी दिन है। देश को आजाद कराने का विचार सन् 1857 के बाद जिस महापुरुष ने दिया था उसका नाम ऋषि दयानन्द सरस्वती था। उन्होंने हिन्दू समाज में व्याप्त अज्ञान, अविद्या, अन्धविश्वास, पाखण्ड एवं कुरीतियों को दूर करने सहित सहित शिक्षा के प्रचार एवं समाज सुधार के अनेकानेक कार्य किये। उन्होंने देशवासियों को सत्यधर्म से परिचित कराने व मानव जाति की उन्नति को ध्यान में रखकर सन् 1875 में सत्यार्थप्रकाश ग्रन्थ की रचना की थी। यह ग्रन्थ मनुष्य को सत्य और असत्य दोनों से परिचित कराने के साथ असत्य को छोड़ने और सत्य को ग्रहण करने की प्रेरणा करता है। ऋषि दयानन्द सत्यार्थप्रकाश की भूमिका में कहते हैं कि सत्योपदेश और सत्य के ग्रहण करने तथा असत्य को छोड़ने के विना अन्य कोई भी कार्य मनुष्य जाति की उन्नति का कारण नहीं है। आज भारत में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। आज ऋषि दयानन्द और आर्यसमाज के आजादी मे योगदान पर किसी नेता द्वारा कोई उल्लेख नहीं किया गया। आर्य समाज के अधिकांश लोगों ने अहिंसात्मक एवं क्रान्तिकारी आन्दोलनों में अपनी सक्रिय भूमिका निभाई थी , जिस कारण आर्य समाज का स्वतन्त्रता के आन्दोलन में अग्रणी योगदान है। कीर्तिशेष प्रसिद्ध पत्रकार पं. क्षितीज वेदालकार जी ने अपने 'स्वतन्त्रता संग्राम में आर्यसमाज का योगदान' शीर्षक लेख में लिखा है 'स्वतन्त्रता-संघर्ष का यह रूप बनते ही समस्त आर्यसमाज व्यष्टि और समष्टि रूप में स्वतन्त्रताई संघर्ष में कूद पड़ा। इसीलिये कांग्रेस के इतिहास में लेखक पट्टाभि सीतारामैया को यह स्वीकार करना पड़ा कि कांग्रेस के स्वतन्त्रता-संघर्ष में 80 प्रतिशत व्यक्ति आर्यसमाजी थे, या आर्यसमाजी विचारधारा से प्रभावित थे।' हम ऋषि दयानन्द सहित देश की आजादी में भाग लेने वाले सभी देशभक्तों को श्रद्धांजलि देते हैं। ओ3म् शम्। इसके साथ ही राजू आर्य ने अपने संबोधन को विराम दिया। इस मौके पर मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों के अतिरिक्त विद्यालय की कॉर्डिनेटर श्रीमति तृप्ति चौहान , प्रधानाध्यापक, अध्यापक एवं अभिभावकों समेत सैकड़ों की संख्या में लोग सम्मिलित हुए।

# वृहद गोशाला में भूख से तड़पकर दम तोड़ रहे गोवंश

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- सकीट क्षेत्र के गांव वाहिदबीबीपुर में स्थित वृहद गोशाला में गोवंश भूख से तड़पकर दम तोड़ रहे हैं। मृत गोवंशों के अंतिम संस्कार के लिए भी उचित व्यवस्था नहीं है। एक खुले गड्ढे में शव डालकर छोड़े जा रहे हैं। जहां से कुत्ते इन्हें नोंचते रहते हैं। बुधवार को हमारी टीम की पड़ताल में यह बात सामने आई। गोशाला में करीब 200 पशु आश्रित हैं। चार गोवंश बीमारी की हालत में पड़े थे। जबकि दो मृत गाय अलग-अलग स्थानों पर पड़ी थीं। एक शव को कुत्ते नोंचकर खा रहे थे। पास में एक गड्ढा कर कई मृत गोवंश के शव भर दिए गए थे। देखरेख करने वाले कर्मचारियों ने बताया कि भूख की वजह से गोवंश मर रहे हैं। चार दिन में बीस गोवंश की मौत हो चुकी है। जरूरत प्रतिदिन 18 से 20 क्विंटल चारे की है, जबकि ठेकेदार द्वारा आठ-दस क्विंटल चारा भेजा जाता है। बीमार गायों को देखने के लिए चिकित्सक भी नहीं आते हैं।

# परिजनों से बिछड़े मासूमों को मिला खाकी का सहारा



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना जलेसर पुलिस द्वारा घर से बिना बताए घूमने निकलने दो मासूमों को रास्ता भटक जाने पर सकुशल बरामद कर परिजनों को किया सुपुर्द। आज दिनांक 19.08.2022 को थाना जलेसर पुलिस को दो मासूम बच्चे सूर्यांश पुत्र पुष्पेन्द्र निवासी पौण्डरी थाना अवागढ एटा उम्र 12 वर्ष व अरूण पुत्र मुकेश निवासी पौण्डरी थाना अवागढ जिला एटा उम्र 15 वर्ष को रात्रि के समय आगरा चौराहे पर घूमते मिले थे जिनसे पूछताछ करने पर पता चला कि बच्चे ग्राम पौण्डरी थाना अवागढ़ से चुपचाप परिवार वालों से बिना बताये चले आये थे तथा यहां आकर रास्ता भटक गए। बच्चों को पूछताछ के उपरान्त थाना अवागढ की पुलिस के माध्यम से उनके परिवार वालों को सूचना देकर थाना बुलाया गया। बच्चों की पहचान कराकर उनके परिजनों को सकुशल सुपुर्द किया गया। परिजनों ने एटा पुलिस का आभार व्यक्त किया तथा इस कार्य के लिए एटा पुलिस को धन्यवाद देते हुए भूरि भूरि प्रशंसा की।

# मंदिरों के साथ विद्यालयों में भी रही कृष्ण जन्माष्टमी की धूम

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- मंदिरों के साथ विद्यालयों में भी रही कृष्ण जन्माष्टमी की धूम एटा।जनपद में जन्माष्टमी का पर्व श्रद्धा एवं भक्ति पूर्वक मनाया गया जहां मंदिरों में हाजी सजावट और भगवान श्री कृष्ण का जन्म रात्रि 12:00 बजे किया गया साथ साथ घर-घर भगवान जी की जन्म की खुशियां मनाई गई भजन कीर्तन आरती के साथ-साथ भगवान भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का विद्यालय में मंचन किया गया जिसमें गायन नृत्य एवं नाटक के माध्यम से भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं का सचित्र चित्रण किया गया मुख्य समारोह पुलिस लाइन स्थित श्री कृष्ण जन्म मंदिर में हुआ या मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया था और जहां मेला के रूप में लाखों संख्या में लोगों ने वहां पर आकर भगवान के दर्शन किए और पुलिस कर्मियों द्वारा भजन कीर्तन का भी आयोजन किया गया इसके साथ-साथ जिला कारागार में भी जन्माष्टमी श्रद्धा पूर्वक मनाई गई जहां बंधुओं को भगवान श्री कृष्ण के जीवन से संबंधित लीलाओं का मंचन किया गया साथी साथ ही महिला थाना तथा फायर ब्रिगेड स्टेशन पर भी जन्माष्टमी की धूम रही जनपद केरल के मंदिर में रात भर भक्तों में जन्माष्टमी पर्व की विशेष धूम रही ज्ञातव्य जनपद में जन्माष्टमी हर बार की तरह 2 दिन मनाई जाती है 1 दिन साधुओं की और दूसरे दिन रस्तोगी 1 दिन पूर्व जहां यादव महासभा यदुवंशियों द्वारा योगीराज भगवान श्री कृष्ण की भव्य शोभायात्रा निकाली गई इस शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत हुआ या अन्य संप्रदाय एवं मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भी शोभायात्रा का स्थान स्थान पर स्वागत किया

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# छत्तीसगढ़ का एक ऐसा गांव जहां सभी बनाते हैं यूट्यूब वीडियो, कई बन चुके स्टार; दे रहे लोगों को रोजगार

बीते रविवार छत्तीसगढ़ के तुलसी गांव में कुछ लोग आपस में बातचीत कर रहे थे। उनमें कुछ बच्चे थे। कुछ बुजुर्ग भी। चर्चा किसी त्योहार या किसी पर्व का नहीं हो रहा था बल्कि चर्चा यूट्यूब के वीडियो के स्क्रिप्ट का हो रहा था। वो लोग आपस में बात कर रहे थे कि वीडियो में कैसा गीत रखा जाए।



## छत्तीसगढ़ का कॉमेडियन गांव

वीडियो के स्क्रिप्ट लिखने वाले ज्ञानेंद्र शुक्ला कोई इमोशनल गीत रखना चाहते हैं लेकिन वीडियो में लीड रोल निभा रहे मनोज यादव कुछ और ही चाहते हैं। मनोज कहते हैं कि हम लोग यहां अपने वीडियो के बारे में बात कर रहे हैं जो हम बनाने वाले हैं। वो आगे कहते हैं कि ऐसा चर्चा अब तुलसी गांव में आम हो गया है। यह गांव अब पूरे छत्तीसगढ़ में कॉमेडियन के गांव के नाम से जाना जा रहा है।

## ऐसा गांव जहां 1000 कलाकार रहते हैं

तुलसी गांव राजधानी रायपुर से 45 किलोमीटर की दूरी पर है। इस गांव में कुल 3000 लोग हैं। इनमें से 1000 लोग ऐसे हैं जो किसी न किसी यूट्यूब चैनल पर कॉमेडी करते हैं। यह कलाकार सिर्फ यूट्यूब पर ही नहीं बल्कि सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर हैं।

## गांव के पास कुल 6 यूट्यूब चैनल

इस गांव के पास कुल 6 यूट्यूब चैनल हैं। यह कलाकार हर हफ्ते एक नया वीडियो अपने चैनल पर डाल देते हैं। Being Chhattisgarhiya नाम के चैनल पर 1,15,000 सब्सक्राइबर हैं। वहीं Nimga Chhattisgarhiya चैनल पर 1,15,000 सब्सक्राइबर हैं। ऐसे ही इस गांव के कलाकारों द्वारा बनाए वीडियो पूरे छत्तीसगढ़ के साथ-साथ देश भर में देखे जा रहे हैं। Being Chhattisgarhiya इस गांव का पहला यूट्यूब चैनल है।

## स्थानीय भाषा में बनाते हैं वीडियो

Being Chhattisgarhiya चैनल पर वीडियो बनाने वाले जय वर्मा ने बताया कि जब उन लोगों ने यह चैनल शुरू किया था तो हिंदी में वीडियो बनाते थे लेकिन जब उन लोगों ने यह देखा कि स्थानीय भाषा में वीडियो बना कर कई लोग अच्छा कर रहे हैं तब वह स्थानीय भाषा में ही वीडियो बनाने लगे।

## लाखों में आते हैं व्यूज

जय वर्मा आगे बताते हैं कि इसके बाद गांव के कई लोग यूट्यूब पर वीडियो बनाने लगे। अमूमन हम लोग सामाजिक मुद्दों पर, पर्यावरण पर वीडियो बनाते हैं। जय वर्मा ने बताया कि हमारा एक वीडियो 2,71,000 व्यू पा चुका है।

## बच्चे - बुजुर्ग सब शामिल

Being Chhattisgarhiya के ही एक और कलाकार ज्ञानेंद्र शुक्ला कहते हैं कि हमें बहुत खुशी है कि हमारा गांव कॉमेडियन के गांव के नाम से अब जाना जा रहा है। जो इस गांव में सबसे बुजुर्ग कलाकार हैं उनकी उम्र 60 साल के ऊपर है और जो सबसे कम उम्र का कलाकार है वो 7 साल का है।

## कई कलाकार बन चुके हैं स्टार

कलाकार मनोज वर्मा बताते हैं कि पिछले हफ्ते वो शहर गए थे। वहां उनसे सैकड़ों लोग मिलने को आए थे। वो बताते हैं कि गांव के कई लोग सोशल मीडिया पर स्टार बन चुके हैं। लोग उनके साथ सेल्फी लेते हैं। मनोज के साथ-साथ ममता साहू भी सोशल मीडिया स्टार बन चुकी हैं।

## इंस्टाग्राम पर भी जलवा

पिंकी साहू की उम्र 24 साल है। वह बड़े ही गर्व से बताती हैं कि उनके इंस्टाग्राम पर 12,000 फॉलोवर हैं। पिंकी को लोग उनके अभिनय और डायलॉग बोलने की अंदाज की वजह से फॉलो करते हैं।

## गांव को देखने आते हैं लोग

Being Chhattisgarhiya के कलाकार ज्ञानेंद्र शुक्ला कहते हैं कि कलाकारों के साथ-साथ इस गांव का भी किस्मत चमक गया है। लोग अब इस गांव में घूमने आते हैं। लोग यह देखने आते हैं कि इस गांव में क्या चल रहा है। वो बताते हैं कि कभी-कभी भीड़ बहुत ज्यादा हो जाती है जिसे संभालना मुश्किल हो जाता है।

## कितना पैसा कमा लेते

कमाई के बारे में पूछने पर मनोज बताते हैं कि हमारा वीडियो तो खूब चलता है लेकिन कमाई उतनी नहीं है। वो आगे कहते हैं कि हर महीने लगभग 30,000-35,0000 रुपए हम कमा लेते हैं। यह पैसा पूरी तरह से खर्च करने की बजाए हम इससे कैमरा और बाकी जरूरी चीजें खरीद लेते हैं।

## पूरी दुनिया देख रही टैलेंट

इसी गांव के मूल चंद्र ने बताया कि हम वीडियो पैसों के लिए बनाते ही नहीं हैं बल्कि हम यह अपनी और लोगों की खुशी के लिए बनाते हैं। वो कहते हैं कि ज्यादातर कलाकार कहीं न कहीं काम करते हैं। वीडियो बनाना हम सब का शौक है। इससे हमारे गांव का टैलेंट पूरी दुनिया देख रही है।

## दे रहे हैं रोजगार

हैरान करने वाली बात यह है कि इस गांव ने अब लोगों को रोजगार देना शुरू कर दिया है। कई तरह के लोगों को अब इस गांव के लोग नौकरी देने लगे हैं। मसलन, वीडियो एडिटर, कैमरामैन, आदि। इस गांव में नौकरी कर रहे राहुल बताते हैं कि मैं इस गांव में वीडियो एडिट कर हर हफ्ते 3,000 के आसपास कमा लेता हूं। इस गांव के लोग एक्टिंग और कॉमेडी के दिवाने हैं। वो आगे कहते हैं कि इस गांव से कई गांव सीख लेंगे।

# डीजल पंप का सामान चोरी करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार




रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर-बिहारपुर- थाना चांदनी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बिहारपुर पुरानटोला निवासी शिवधन गुप्ता पिता स्व. विश्वनाथ गुप्ता का घर से थोड़ी दूरी पर खेत में कुंआ से लगे पंप हाउस में रखा फील्ड मार्शल कंपनी के 6.5।।क्क पंप का पंखी पिस्टन, हेड व अन्य सामान जिसकी कीमत लगभग 25000 पच्चीस हजार रुपए का दिनांक 16.8.22 से 17.8.22 की दरम्यानी रात कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है कि रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना चांदनी में धारा 457,380 IPC कायम कर विवेचना में में लिया गया दिनांक 18/08/2022 को मुखबिर की सूचना पर बाईक पर सवार होकर आरोपी कमलेश यादव पिता गोवर्धन यादव उदयनाथ पिता लोट?ई यादव कृष्णा साहू पिता मनोहर लाल हिरो एच एफ डिलक्स एम पी 66 एम सी 0739 में लोड कर कबाड़ में बेचने ले जा रहे डिजल पम्प के सामान सहित औजार जप्त कर तीन आरोपियों को थाना चांदनी के द्वारा घेराबंदी कर सामान बरामद कर आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया आरोपी कमलेश यादव पूर्व में भी अपहरण सहित कई अन्य आपराधिक मामलों में जेल जा चुका है इस दौरान ए एस आई अरविन्द प्रसाद आर डी सिंह प्रधान आरक्षक मनोज वर्मा आरक्षक रामसिंह अमलेश्वर शंकर सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# पूर्णानंद घाट में महिलाओं ने पारंपरिक श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



बच्चों ने कृष्ण और राधा की लीलाओं का किया मंचन आज चहूंओर गुंजे नंदलाल के जयकारें, मनाया कृष्ण जन्मोत्सव पूर्णानंद घाट पर धूमधाम से मनाई गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी 19 अगस्त। आज ऋषिकेश गंगा आरती ट्रस्ट, पूर्णानंद घाट में विश्व प्रसिद्ध प्रथम महिला गंगा आरती में महिलाओं द्वारा आज श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार हर्षोल्लास से मनाया गया और चहूंओर गुंजे नंदलाल के जयकारें से पूर्णानंद घाट गूँज उठा, देर शाम तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। बच्चों द्वारा राधा-कृष्ण की मनमोहक झांकी सजाई गई। राधा-कृष्ण की झांकी में शामिल बच्चों को तिलक लगाकर पूजा अर्चना की। माखन मिश्री का भोग लगाकर उनकी आरती उतारी। राधा कृष्ण के वेश में सजे बच्चे लोगों को आकर्षित कर रहे थे। छात्राओं ने भगवान कृष्ण और राधा के स्वरूप में उनकी लीलाओं का मंचन किया। भगवान श्री कृष्ण का जन्म पूरे धार्मिक लोकाचार के साथ मनाया गया। सभी लोगों ने भगवान कृष्ण का जन्म उत्सव भावपूर्ण और भजन के माध्यम से आनंद से भावविभोर होकर प्राप्त किया। राधा-कृष्ण बनकर सुंदर प्रस्तुति दी। बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए उन्हें पुरस्कार दिया। प्रस्तुति देने वालों बच्चों में संध्या राजपूत, काजल राजपूत, टीना दिवाकर और शिवानी राजपूत शामिल रहीं। मुख्य रूप से गंगा आरती में ट्रस्ट की सदस्य डॉक्टर ज्योति शर्मा, दिल्ली से आनंद गुप्ता, श्रीमती सुशिल गुप्ता, श्री अर्चित गुप्ता, श्री यतिन बंसल,चंडीगढ़ से श्री नरेश गुप्ता, आचार्य सुमित भट्ट, आचार्य मोहित बडौनी, आचार्य मनीष बडौनी, रीता, प्रमिला ने गंगा आरती की।

# ग्रीन वैली ने मनाया नगर पालिका अध्यक्ष का जन्मदिन

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- मंदिर परिसर में लगाए समी, बेलपत्र, कदम, गूलर व अन्य प्रजाति के पौधे ग्रीन वैली सूरजपुर के द्वारा नगर के अग्रसेन वार्ड स्थित शिव मंदिर परिसर में नगर पालिका अध्यक्ष केके अग्रवाल का जन्मदिन ग्रीन वैली सदस्यों और वार्ड वासियों की उपस्थिति में मनाया गया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष के हाथों से मंदिर परिसर में समी, बेलपत्र, कदम, गूलर और अन्य धार्मिक महत्त्व के पौधों का रोपण कराया गया। गौरतलब है कि ग्रीन वैली के द्वारा नगर के जनप्रतिनिधियों के जन्मदिन के अवसर पर वृक्षारोपण को प्रोत्साहित करते हुए औषधिय एवं धार्मिक महत्व के वृक्षों का रोपण किया जाता है, इसी कड़ी में आज कृष्ण जन्मोत्सव एवं नगर पालिका अध्यक्ष केके अग्रवाल के जन्मदिन के अवसर पर अग्रसेन वार्ड क्रमांक 12 स्थित शिव मंदिर परिसर में सघन वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। ग्रीन वैली के सदस्य बसंत जायसवाल व प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रवेश गोयल ने नगर पालिका अध्यक्ष केके अग्रवाल जी को जीवन वर्धक औषधि भेंट की गई और गुड व पंचमेवा से सत्कार किया गया। कार्यक्रम में ग्रीन वैली के सदस्यों के अलावा रामचंद्र देवांगन शिव स्नेही शास्त्री भोला सारथी कालीचरण सारथी सागर सारथी विकी साहू रामबाबू देवांगन समेत बड़ी संख्या में वार्ड वासी शामिल हुए।

